**सं.ए-45011/4/2020-प्रशा.III**
**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**(आर्थिक कार्य विभाग)**
********

नई दिल्ली, दिनांकः 3 जून, 2020

**कार्यालय ज्ञापन**

अधोहस्ताक्षरी को आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित अप्रैल, 2020 माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों के संबंध में मासिक सार के अवर्गीकृत भाग को परिचालित करने का निदेश हुआ है।

सुरिन्दर पाल सिंह 3.6.2020
**(सुरिन्दर पाल सिंह)**
**संयुक्त सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाषः 23092100**

सेवा में,

1. केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. उपाध्यक्ष नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
3. मंत्रिमंडल सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
4. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत के उप राष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद मार्ग, नई दिल्ली।
6. प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली।
7. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाऊस, नई दिल्ली।
8. सभी सदस्य, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
9. सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव, भारत सरकार, नई दिल्ली।
10. राज्य मंत्री (वित्त) के निजी सचिव, वित्त सचिव के प्रधान निजी सचिव, सचिव (आर्थिक कार्य) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (राजस्व) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (व्यय) के प्रधान निजी सचिव, सचिव(दीपम) के प्रधान निजी सचिव।
11. मुख्य आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
12. अपर सचिव (श्री ए. गिरिधर), मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
13. डॉ. सी.एस. महापात्रा, अपर सचिव(एफएस एंड सीएस), आर्थिक कार्य विभाग।
14. श्री के. राजारामन, अपर सचिव (प्रशासन एंड निवेश), आर्थिक कार्य विभाग।
15. श्री समीर कुमार खरे, अपर सचिव (एफबी एंड एडीबी), आर्थिक कार्य विभाग।
16. सुश्री मीरा स्वरूप, अपर सचिव और वित्त सलाहकार (वित्त)।
17. श्री ए.एम. बजाज, अपर सचिव (एफएम), आर्थिक कार्य विभाग।
18. श्री संजीव सान्याल, प्रधान आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
19. आर्थिक कार्य विभाग के सभी प्रभागाध्यक्ष।
    संयुक्त सचिव (बजट)/ संयुक्त सचिव (आईपीएफ)/ संयुक्त सचिव (एफएम)/ संयुक्त सचिव (बीसी एंड आईईआर)/संयुकत सचिव(निवेश)/ सलाहकार (सीएंडएसी/एफएसएलआर/एफएस एंड सीएस)/ सलाहकार (आईईआर)/सीएए।
20. श्री अरूण कुमार, सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
21. सुश्री राजश्री रे, सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
22. श्री राजेश मल्होत्रा, अपर महानिदेशक (एम एंड सी), वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
23. गार्ड फाइल – 2020

सं. ए-45011/4/2020-प्रशा.III
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
(आर्थिक कार्य विभाग)

**विषय: अप्रैल, 2020 माह के दौरान आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों के संबंध में मासिक सार।**

## 1. वृहत-आर्थिक सिंहावलोकन

एनएसओ द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2020 को जारी राष्ट्रीय आय के दूसरे अग्रिम अनुमानों के अनुसार 2019-20 में भारत हेतु वास्तविक जीडीपी बढ़त 5.0 प्रतिशत अनुमानित है। इस वास्तविक बढ़त को वर्षभर की दृष्टि से देखने पर 2019-20 के चौथी तिमाही में जीडीपी की अंतर्निहित वास्तविक बढ़त 4.7 प्रतिशत हो जाती है। हालांकि कोविड-19 सर्वव्यापी महामारी के शुरुआत से उसकी तीव्रता, उसके विस्तार और उसकी समयावधि अब व्यापक तौर पर यह निर्धारित करेगा कि भारत अपनी अनुमानित और निर्धारित जीडीपी बढ़त को पा सकेगा या नहीं। आईएमएफ के विश्व आर्थिक परिदृश्य अनुसार भारत 2019-20 की चौथी तिमाही में 2 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4.2 प्रतिशत की दर पर विकास करेगा। आर्थिक गतिविधियों का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

## 2. अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम

2.1(क) दिनांक 3.4.2020 को भारत सरकार ने कोविड-19 आपात प्रतिक्रिया तथा स्वास्थ्य व्यवस्था परियोजना हेतु विश्व बैंक के साथ 1 बिलियन अमरीकी डालर के ऋण करार पर हस्ताक्षर किए।

(ख) दिनांक 28.04.2020 को भारत सरकार के प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत कोविड-19 स्वास्थ्य प्रणाली प्रतिक्रिया तथा समाजिक सहयोग उपायों को प्रोत्साहन देने हेतु एशियाई विकास बैंक के साथ 1.5 बिलियन अमरीकी डालर के ऋण करार पर भी हस्ताक्षर किए।

2.2 माननीय वित्त मंत्री के अनुमोदन से दिनांक 03.04.2020 को एस्वातिनी साम्राज्य को नए संसद भवन के निर्माण हेतु 108.28 मिलियन अमरीकी डालर राशि की ऋण सहायता प्रदान की गई।

2.3 अप्रैल, 2020 के दौरान निम्नलिखित अधिसूचनाएं जारी की गईं:

| क्र.सं. | अधिसूचना की तारीख | मद |
|---|---|---|
| 1. | 22.04.2020 | विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण दस्तावेज) नियम, 2019 का संशोधन किया गया है जिसके द्वारा इसे अनिवार्य बना दिया गया है कि भारत की भूमि सीमा के साझेदार देशों से विदेशी निवेश सरकार से पूर्व अनुमति प्राप्त करने पर ही किया जाएगा। |
| 2. | 27.04.2020 | आईएफएससीए अधिनियम, 2019 के अंतर्गत गुजरात के गांधीनगर में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवाएं केंद्र प्राधिकरण के प्रधान कार्यालय की स्थापना। |
| 3. | 27.04.2020 | एफडीआई बीमा क्षेत्र के कार्यान्वियन संबंधी विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण लिखत) नियम, 2019 में संशोधन किया गया। |
| 4. | 27.04.2020 | अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवाएं केंद्र प्राधिकरण अधिनियम, 2019 (2019 का 50) की धारा 1 से 11, 14, 15, 16, 27, 29, 30 और 34 को लागू करना। |
| 5. | 29.4.2020 | अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (अध्यक्ष तथा सदस्यों के वेतन, भत्ते तथा सेवाओं की अन्य नियम एवं शर्तें नियमावली, 2020 |

**2.4 अप्रैल, 2020 माह के दौरान निम्नलिखित बैठकें आयोजित की गईं:-**

i. माननीय वित्त मंत्री ने दूसरी जी-20 में वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक के गवर्नरों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जोकि आभासी रूप में आयोजित की गई थी। बैठक के महत्वपूर्ण परिणाम (क) कोविड-19 की प्रतिक्रिया में जी-20 कार्य योजना तथा (ख) अति संवेदनशील देशों, जिनमें निर्धन देशों हेतु ऋण सेवा आस्थगन प्रस्ताव शामिल हैं, के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग। सचिव (आर्थिक कार्य) ने जी 20 वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक गवर्नरों की बैठक से पूर्व हुई जी 20 वित्त प्रतिनिधियों की प्रारंभिक बैठक में भाग लिया।

ii. माननीय वित्त मंत्री ने 16-17 अप्रैल, 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई आईएमएफ-डब्ल्यू की स्प्रिंग बैठकों से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक और वित्तीय समिति (आईएमएफसी) तथा विकास समिति बैठकों में भाग लिया।

iii. माननीय वित्त मंत्री ने दिनांक 20.04.2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुई न्यू डेबल्पमेंट बैंक के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 5वीं वार्षिक बैठक में भाग लिया।

iv. डॉ. सी.एस. महापात्रा, अपर सचिव जो एफएसबी कार्यान्वयन मॉनीटरिंग कार्य बल के सदस्य हैं, ने कोविड-19 और एफएसबी के कार्य की प्राथमिकता के पुनः निर्धारण को ध्यान में रखते हुए कार्यान्वयन की मॉनीटरिंग हेतु योजना पर विचार विमर्श करने के लिए 2 अप्रैल, 2020 को तीसरी टेली-कॉनफ्रेंस में भाग लिया।

v. डॉ. शशांक सक्सेना, सलाहकार ने कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में जी20 वित्तीय विनियम कार्य सूची के संबंध में हाल ही की गतिविधियों पर चर्चा करने हेतु 13 अप्रैल, 2020 को जी 20 सऊदी प्रेसिडेंसी द्वारा आयोजित टेलीकॉनफ्रेंस में भारतीय वित्तीय विनियमन टीम का प्रतिनिधित्व किया।

## 3. न्यूनतम सरकार, अधिकतम अभिशासन

विशेषकर, सूचना के प्रस्तुतीकरण में आईसीटी के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## 4. एसीसी के निर्देशों/आदेशों का पालन न किया जाना

शून्य।

## 5. विभाग में माह के दौरान अनुमोदित प्रस्तावों एवं अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारत एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति

विभाग में अनुमोदन हेतु प्रतीक्षा: 04

********

अनुबंध

| आर्थिक विकास | | |
|---|---|---|
| आर्थिक गतिविधि द्वारा आधार मूल्यों पर जीवीए की बढ़त और बाजार मूल्यों पर जीडीपी (प्रतिशत) | | |
| क्षेत्र | स्थिर कीमतों (2011-12) पर (प्रतिशत) वृद्धि दर | वर्तमान मूल्य पर जीवीए में शेयर (प्रतिशत) |
| | 2019-20 दूसरा पूर्वानुमान | 2019-20 दूसरा पूर्वानुमान |
| कृषि, वानिकी और मत्स्य | 3.7 | 17.6 |
| उद्योग | 1.8 | 27.4 |
| सेवाएं | 7 | 55 |
| आधार मूल्यों पर जीवीए | 4.9 | 100 |
| बाजार मूल्यों पर जीडीपी | 5 | |

स्रोत:राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ)
नोट: दूसरा संशो.अनु.:दूसरा संशोधित अनुमान, पहला संशो.अनु.:पहला संशोधित अनुमान, दूसरा पूर्व अनु.: दूसरा पूर्व अनुमान

| स्थिर कीमतों पर जीवीए और जीडीपी की तिमाहीवार वद्धि (2011-12) (प्रतिशत) | | | |
|---|---|---|---|
| क्षेत्र | 2019-20 | | |
| | तिमाही-1 | तिमाही-2 | तिमाही-3 |
| कृषि, वानिकी और मत्स्य | 2.8 | 3.1 | 3.5 |
| उद्योग | 3.8 | 0.8 | 0.1 |
| सेवाएं | 6.9 | 7.3 | 7.4 |
| आधार मूल्यों पर जीवीए | 5.4 | 4.8 | 4.5 |
| बाजार मूल्यों पर जीडीपी | 5.6 | 5.1 | 4.7 |

स्रोत:राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ)

| मुद्रास्फीति सीपीआई-सी, डब्ल्यूपीआई (प्रतिशत में) | | | |
|---|---|---|---|
| | मार्च-19 | फरवरी-20 | मार्च-20 |
| सीपीआई-सी | 2.86 | 6.58 | 5.84 |
| डब्ल्यूपीआई | 3.1 | 2.26 | 1 |

| मौद्रिक विकास | |
|---|---|
| मद | 1 मई 2020 |
| पोलीसी रेपो दर | 4.4 |
| 10-वर्ष जी-सेक्टर पार प्राप्ति (एफबीआईएल) | 6.55 |
| बैंक जमा वर्ष दर वर्ष बढ़त * | 6.7 |

| विदेशी क्षेत्र (भुगतान का शेष: (बिलियन अमरीकी डालर)) | | |
|---|---|---|
| मदें | 2018-19 तिमाही-3 | 2019-20 (पी) तिमाही-3 |
| वर्तमान खाता शेष | -17.8 | -1.4 |
| वर्तमान खाता शेष / जीडीपी (%) | -2.7 | -0.2 |

स्रोत : भारतीय रिजर्व बैंक

| विदेशी मुद्रा भंडार (बिलियन अमरीकी डालर में) | |
|---|---|
| मार्च-19 | 1 मई, 2020 |
| 412.9 | 481.1 |

**विनिमय दर**

**विदेशी मुद्रा की रुपया प्रति इकाई**

| वित्तीय वर्ष | अमरीकी डालर | पाउंड | यूरो | जापानी येन |
|---|---|---|---|---|
| अप्रैल-20 | 76.2365 | 94.6333 | 82.7489 | 70.7882 |

स्रोत : भारतीय रिजर्व बैंक

**विदेशी ऋण- बकाया और भिन्नता (बिलियन अमरीकी डालर)**

| | के अंत में बकाया | पूर्ण रूपांतर | प्रतिशत भिन्नता |
|---|---|---|---|
| | दिसम्बर-2019 पी | दिसम्बर-2018 पर दिसम्बर-2019 | दिसम्बर-2018 पर दिसम्बर-2019 |
| कुल ऋण | 563.9 | 42.7 | 8.2 |

**औद्योगिक उत्पादन पर प्रकाश**

| | मार्च-20 (प्रतिशत में) |
|---|---|
| औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर (आईआईपी) | -16.7 |
| आठ मुख्य उद्योगों का विकास | -6.5 |
| संचयी विकास (अप्रैल-मार्च) | -0.7 |